आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**04 नवंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1 करोड़ 89 लाख से अधिक लाभार्थियों के लिये जारी की 1 हजार 500 करोड़ रुपए की सब्सिडी।
- गोरखपुर में आज भाजपा के लोकतंत्र बचाओ– अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल होंगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन।
- लखनऊ में आयोजित किसान चौपाल और खेत बचाओ अभियान में शामिल हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के संगीतकार मुत्तुस्वामी दीक्षितार के सम्मान में वाराणसी में जारी किये स्मारक सिक्के।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1 करोड़ 89 लाख से अधिक पात्र परिवारों को 1 हजार 500 करोड़ रुपए की सब्सिडी राशि उनके खातों में स्थानांतरित कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना ही सुशासन है।

आपका कनेक्शन के लिए भी 25 से 50 हजार रुपए जो खर्च होता था उसको मोदी जी ने आपकी बचत करवाई और फिर रसोई गैस की सब्सिडी सीधे आपके अकाउंट में देना प्रारंभ किया और बहनों और भाइयों यही सुशासन है। जब अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिल जाए उसी को सुशासन कहते हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून–व्यवस्था, आगामी पर्व एवं त्योहारों की तैयारियों व अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी पर्व और त्योहार उल्लास, उमंग, आस्था और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। इन अवसरों पर प्रदेश में सुरक्षा, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी अप्रिय घटना पर्वों के उल्लास में बाधा न उत्पन्न कर सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने अथवा शरारतपूर्ण बयानबाजी से माहौल बिगाड़ने वालों पर प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। अयोध्या में 07 नवंबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्रमुख मन्दिरों और संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर चौबीसों घण्टे पर्याप्त पुलिस बल को तैनात करने, पटाखों की बिक्री और अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता पदयात्रा का हिस्सा बनेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए गोरखपुर में व्यापक तैयारियां की गई हैं।

इसी कड़ी में पार्टी की प्रदेश इकाई ने कल लखनऊ में लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के अन्य सहयोगी दलों ने भी लोकभवन से लेकर परिवर्तन चौक तक पदयात्रा की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार जनता को विकास के रास्ते पर अग्रसर कर रही है और हर क्षेत्र में विकास कर रही है।

49 करोड़ लोग मोदी जी के नेतृत्व में गरीबी से बाहर निकाले गए हैं। यह चमत्कार हुआ है। 49 करोड़ कांग्रेस और दूसरी पार्टियां जब शासन करती थी तब केवल गरीबी का साम्राज्य होता था।

बरेली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी नड्डा के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। अपने सम्बोधन में उन्होंने विपक्ष पर चुनाव आयोग के प्रति जनता के मन के विश्वास को तोड़ने का आरोप लगाया।

वर्षों की मेहनत के बाद उन्होंने एक अपना समाज में स्थान और देश में स्थान बनाया है और दुनिया में स्थान बनाया है। लेकिन कुछ गैर जिम्मेदाराना पार्टियां ये लोग ये जो इलेक्शन कमीशन की खाती है, ये जो इलेक्शन कमीशन के बारे में दिलों में लोगों के विश्वास है, उस विश्वास को तोड़ने का प्रयास ये इंडी गठबंधन के लोग कर रहे हैं।

****

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. के दौरान जारी मसौदा मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पहले से पंजीकृत मतदाताओं द्वारा फॉर्म छह जमा करने के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव

अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा है कि ऐसे मामलों में फॉर्म छह जमा करना, गलत घोषणा नहीं माना जाएगा और न ही इस पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के अंतर्गत कोई कार्रवाई की जाएगी।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल लखनऊ के भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित किसान चौपाल और खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश की 374 सड़कों के निर्माण के लिए 544 करोड़ 62 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

किसान के लिए सड़के भी बहुत जरूरी है और उत्तर प्रदेश की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव में जो सड़क बननी है उसके प्रस्ताव भेजे थे तो शाही जी 374 सड़कों के लिए 544 करोड़ 62 लाख रुपए की स्वीकृति का पत्र भी मैं आपको सौप रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के तिल और मूंगफली की खरीद को भी स्वीकृति प्रदान की है। इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहे।

****

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण कल वाराणसी में महान कर्नाटक संगीतकार मुत्तुस्वामी दीक्षितार की 250वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने संगीतकार दीक्षितार के सम्मान में जारी स्मारक सिक्के का विमोचन किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में केंद्रीय मंत्री ने काशी और मुत्तुस्वामी दीक्षितार के संगीत साधना से जुड़े संबंधों का भी उल्लेख किया।

विगत काशी में क्या बात में किया था उनका गुरु के कृपा से मिला उस वीणा का चेहरा वो जानवर जो है इस तरह वो नीचे के ओर नहीं मगर ऊपर के ओर होता है। ये वीणा आज भी उनके परिवार में उनके पोते ग्रैंड सन ग्रैंड सन कोई भी हो जो चैन्नई के बगल में कहीं रहते हैं उनके यहां है।

****

चित्रकूट जिले में दीपावली अमावस्या मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में वहां के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कल स्थलीय निरीक्षण कर मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मेले में करीब पच्चीस से तीस लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

8 जोन और 22 सेक्टर में मेले को विभाजित करके राउंड द क्लॉक ड्यूटियां लगाई गई हैं। और इस मेले में अगर हम नंबर ऑफ पर्सन जोड़ें तो सिविल पुलिस, पीएसी, जल पुलिस, एलआईयू या हमारे जो एंटी–सबोटेज टीम होती है, बीडीएस टीम होती है, इन सबको मिला लें तो 2,000 से ऊपर की जनशक्ति निरंतर इस मेला सुरक्षा व्यवस्था में रहेगी। ड्रोन से भी निगरानी होगी।

****

महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 41वीं यूथ बास्केटबॉल नेशनल चैंपियनशिप का खिताब प्रदेश की अंडर–17 बॉयज टीम ने हासिल कर लिया है। पांच साल के इंतजार के बाद प्रदेश की टीम ने कल फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम को 76–71 अंकों से पराजित कर स्वर्ण पदक जीत लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से विजेता टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

****